# करोड़ों रुपए की रायल्टी चोरी का अंदेशा

## सिद्ध देव की पहाड़ी का अस्तित्व खतरे में, ऊपर मंदिर बनाये जाने की थी योजना चंदा का पता तक नहीं


**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा।** तहसील क्षेत्र में विभिन्न पहाड़ियां अपने आप में धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी हुई है। जिसमें से एक विकास खंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया की कन्हेरी पहाड़ी जो सिद्ध देव की पहाड़ी के नाम से विख्यात रही है।इस पहाड़ी पर जहां प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा भरी पड़ी है वहीं पिरामिड आकार की इस पहाड़ी की यह विशेषता रही है कि यहां पर बड़ी संख्या में शिलायें ऊपर पड़ी हुई हैं जिनमें ठोकर करने पर अलग-अलग ध्वनि तरंग निकलती है। एक महत्वपूर्ण विषय और धार्मिक मान्यता यह भी रही है कि फाल्गुन मास में होलिका दहन सबसे पहले इस पहाड़ी पर होलिका स्वयं जला करती थी इसकी लौं निकलने के बाद ही फिर ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन हुआ करता था। लेकिन इस पहाड़ी पर कुछ निजी लाभ लेने वालों की बुरी नजर लग गई जो आज इस पहाड़ी का अस्तित्व मिटाने पर तुले हुए हैं।

ऊपर मंदिर बनाये जाने की थी योजना चंदा का पता तक नहीं पवित्र इस धार्मिक स्थल पर ऊपर एक विशाल मंदिर बनाये जाने की योजना बनाई गई थी। और मंदिर निर्माण को लेकर पहाड़ी के आस पास खेती बाड़ी करने वाले कृषकों ने चंदा एकत्रित किया था। लेकिन उस चंदे का आज तक कोई उचित उपयोग नहीं हो सका जिसके पीछे एक महत्वपूर्ण विषय यह निकलकर सामने आया है। वहां के जानकार लोगों ने बताया भी है कि मंदिर बन जाने के कारण से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता निजी स्वार्थ सिद्ध करने वालों की काली करतूतों पर रोक टोक लगती इसलिए मंदिर नहीं बनने दिया गया।



### ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

फिर भी राजनैतिक पहुंच हथकंडों का सहारा लेकर इस पहाड़ी को नष्ट किए जाने का खेल खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से बदस्तूर जारी है। इतना ही नहीं इस पहाड़ी से पत्थर निकाले जाने का काम तो चल रही रहा है लेकिन ग्राम पंचायत खमरिया के सार्वजनिक हितों के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।जिसे लेकर यहां के सरपंच द्वारा पूर्व में भी जिला प्रशासन को लिखित में आवेदन भी दिये हैं। लेकिन राजनैतिक पहुंच का लाभ के आगे एक हरिजन महिला सरपंच बौनी साबित हो गई है। हमारे प्रतिनिधि को महिला सरपंच ने बताया कि शिकायतों को ना करने को लेकर कई बार प्रलोभन भी दिये गये लेकिन वह डिगी नहीं। खमरिया ग्राम के लोगों ने



हमारे प्रतिनिधि को बताया कि सबसे पहले तो इस मार्ग पर जो भारी बाहन 70 से 75 टन पत्थर लेकर निकलते हैं उन पर प्रतिबंध लगना चाहिए और सड़कों को खराब करने के साथ पेयजल की लाइन टूटने फूटने जल-संरक्षण की दिशा में जमीनी जल स्तर बढ़ाने के लिए खोदी गई ट्रेंचो को बंद करने का काम निजी स्वार्थ वालों के द्वारा किया जा रहा है वह तत्काल प्रभाव से बंद होना चाहिए। ग्रामीण एक दिन सामूहिक रूप से सड़कों पर उतरने मजबूर हो जायेंगे।

### विभिन्न प्रजातियों के हजारों वृक्ष नदारद

इस पहाड़ी पर पहले कभी हजारों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष हुआ करते थे जिसमें सबसे ज्यादा सागौन के वृक्ष लगे थे लेकिन आज की स्थिति में वृक्ष भी नदारत हैं। प्रकृति के साथ खिलवाड़ और खनिज संपदा के माध्यम से रातों रात अमीर बनने की चाहत ने इस परी पहाड़ी का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है।लीज लेकर निजी उपयोग में जाने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा टी एन गोदावर्रमन एक विशेष जांच कमेटी बनाई गई थी जिसमें प्रमुख सचिव राजस्व आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव उनके प्रतिनिधि वन समीति के संयोजक रखे गये थे। तथा विशेष रूप से उप सचिव खनिज संसाधन विभाग एवं प्रमुख वन संरक्षक विकास को भी शामिल किया गया था। जिन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि याचिका क्रमांक 5078/2001 खसरा क्रमांक 55 नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील तेंदूखेड़ा की कन्हैरी पहाड़ी पर खनिज उत्खनन नहीं किया जाना चाहिए।

# जिला अस्पताल को मिली डायलिसिस मशीन की सौगात

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला अस्पताल नरसिंहपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ी, जब पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने नई डायलिसिस मशीन का लोकार्पण कर मरीजों के लिए उपचार सुविधा का शुभारंभ किया। विदित है कि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से 21 लाख रुपये की लागत से स्थापित दो नई हीमोडायलिसिस मशीन प्रदान की गई है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,गाडरवारा।** उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने सेवा सदन पहुंचकर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह को पदोन्नति एवं द्वितीय क्रमोन्नति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की कि उन्हें भी अन्य शैक्षणिक संवर्गों की तरह वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति का लाभ दिया जाए तथा लंबित द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं।

ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश में वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और शिक्षा विभाग में नियमित शिक्षकों की तरह शैक्षणिक संवर्ग की पदोन्नति भी जारी है, लेकिन उच्च माध्यमिक शिक्षकों को इससे वंचित रखा गया है।



### पदोन्नति लगातार विलम्ब की शिकायत

शिक्षकों का कहना है कि वे वर्ष 1998 से व्याख्याता पद के विरुद्ध नियुक्त होकर 28 वर्षों से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सेवाएं दे रहे हैं तथा 5400 रुपये ग्रेड पे के साथ हाई स्कूल प्राचार्य पद की जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं। शिक्षकों ने कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को समय-समय पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति मिलती रही है, जबकि उच्च माध्यमिक शिक्षक आज तक पदोन्नति से वंचित हैं। वर्ष 2023 में व्याख्याताओं एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को समान नीति के तहत हाई स्कूल प्राचार्य का उच्च पद प्रभार दिया गया था।

# वनांचल के दुर्गम पहाड़ी गांवों में सेवा का संकल्प

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने विगत दिवस दूरस्थ एवं दुर्गम पहाड़ी वनग्राम पीपला, टोला, वेरवन सहित अन्य आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर सेवा कार्य किए। बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उद्देश्य से वृद्धजनों, दिव्यांगों एवं नौनिहाल बच्चों को मच्छरदानियां वितरित की गईं। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को आकर्षक स्कूल बैग, पठन-पाठन सामग्री, स्कूल ड्रेस, वस्त्र एवं फ्रॉक प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय छोड़ चुके बच्चों के अभिभावकों को समझाइश देकर उन्हें पुनः स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। लगातार वर्षा के कारण जिन परिवारों के कच्चे मकानों का हिस्सा क्षतिग्रस्त



हो गया था, उन्हें तत्काल सहायता के रूप में प्लास्टिक शीट (पन्नी) उपलब्ध कराई गई, ताकि वे अपने आशियाने की अस्थायी मरम्मत कर सकें। मुकेश बसेड़िया ने बताया कि वे वर्ष 2001 से पिछले 23 वर्षों से बिना किसी शासकीय अनुदान, बिना किसी ट्रस्ट और पूर्णतः अपने निजी संसाधनों से वनांचल के दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी परिवारों की सेवा कर रहे हैं। उनके सेवा कार्यों में बेटियों की शिक्षा, विवाह, असहाय एवं निराश्रित वृद्धजनों की सेवा तथा जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव सहायता शामिल है। उन्होंने बताया कि कई बार किसी वृद्धजन की आकस्मिक मृत्यु होने पर वे स्वयं मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार भी कराते हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंचकर सेवा कार्य करना कठिन और जोखिम भरा होता है।

# पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणादायी पहल

**नवभारत,नरसिंहपुर।** रोटरी क्लब ऑफ नरसिंहपुर सिटी के तत्वाधान में आयोजित यादों की छाँव वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रविवार को श्याम सुंदर नारायण मुशरान पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री पटेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव विकसित करना है।

## एक नजर में

### विद्यार्थियों को मिलेगी नवाचार की नई दिशा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रविवार को शासकीय एम.एल.बी. स्कूल, नरसिंहपुर में लगभग 16.30 लाख रुपये की लागत से स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ नवाचार और वैज्ञानिक सोच का विकास समय की आवश्यकता है। अटल टिंकरिंग लैब विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को नई दिशा देगी और उन्हें विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी। मंत्री श्री पटेल ने सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पवित्र माह साधना, सेवा और आत्मचिंतन का संदेश देता है।

### किसान प्रतिमा सहित सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रविवार को नगर पालिका चौराहा नरसिंहपुर में लगभग 4.97 लाख रुपये की लागत से निर्मित किसान प्रतिमा सहित सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, रामसनेही पाठक, राधेश्याम नेमा, महंत प्रीतमपुरी, संध्या कोठारी अजय प्रताप पटेल, सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### सदर मढ़िया प्रांगण में शेड का भूमिपूजन

**नवभारत,नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें संस्कृति, अध्यात्म, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संरक्षण, वृक्षों का संरक्षण और धार्मिक परिसरों का सुनियोजित विकास वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मंत्री श्री पटेल सदर मढ़िया प्रांगण में आयोजित डोम शेड के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उक्त डोम शेड की लागत पचास लाख रुपये है। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिसरों में अनियोजित निर्माण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समिति की अनुमति और सुविचारित योजना के बिना कोई निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधारभूत सुविधाओं का समुचित विकास किया जाए।

# कन्या नवीन स्कूल में छात्राओं को मिली साईकिलें

**नवभारत,गाडरवारा।** गत दिवस नगर के पीएम शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्य प्रदेश शासन की साईकिल वितरण योजना के तहत 29 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। जिसके पश्चात व्याख्याता राजेश गुप्ता के संगीत संयोजन में मुस्कान वर्मा, हर्षिता रजक, पूर्वी छीपा, ओम नोरिया भावना दुबे और हर्षा तिवारी के द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने की



जबकि विशिष्ट अतिथियों में घनश्याम राजपूत, संजय गुप्ता और रोहित पगारे उपस्थित रहे। नपा अध्यक्ष मिश्रा ने अपने उदबोधन में कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह के शिक्षा क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान और प्रयासों की सराहना की। प्रियांक जैन ने कहा कि साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों की राह सुगम बनाना और नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देना है। घनश्याम राजपूत ने छात्र-छात्राओं से लगन से पढ़ाई कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य सतीश नायक ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकीय स्टाफ, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# द अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स में ग्रैंड फिनाले का आयोजन

### विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला

**नवभारत,करेली।** विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से द अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स में अबोड गॉट टैलेंटङ्क2026 के ग्रैंड फिनाले एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला.



विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, वादन, अभिनय, नाट्य प्रस्तुति,कविता-पाठ तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी विलक्षण प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों, अभिभावकों एवं निर्णायकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए उनकी प्रतिभा का प्रभावशाली परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष मुकेश जैन रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या मणिका की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का निष्पक्ष एवं प्रभावी मूल्यांकन सिद्धार्थ किलेदार, ओम सोनी, सौरभ वंशकार, सुश्री सीमा कहार, सुश्री प्रियंका कुशवाहा एवं रीतेश मिश्रा ने निर्णायक के रूप में किया। मिला इनाम खिली मुस्कान कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल ने विजेताओं की घोषणा की। कक्षा 1 से 3 वर्ग में निष्ठा कटारे ने प्रथम, जसवी छेड़ा ने द्वितीय तथा मिष्टी नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 से 6 वर्ग में सिया जैन प्रथम, अनाया गुप्ता द्वितीय तथा सचरीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 7 से 9) में कक्षा 8 के बैंड दल ने प्रथम, कक्षा 9 के नाट्य दल ने द्वितीय तथा श्राव्या बडकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, पदक, प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# ब्लॉक स्तरीय शालेय रस्सीकूद प्रतियोगिता आयोजित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का जिला स्तर के लिए चयन

**नवभारत,गाडरवारा।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सत्र 2026-27 की ब्लॉक स्तरीय शालेय रस्सीकूद प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस ग्राम आमगांव छोटा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का



चयन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक खेल अधिकारी सत्यप्रकाश ढिमोले, संस्था के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे, विजेंद्र कौरव, अशोक झारिया, मुकेश पटैल सहित अन्य शिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# रक्तदान से आज भी जीवित है मानवता

### समिति की 16 वीं वर्षगांठ पर 16 ने लिया संकल्प, 12 यूनिट का हुआ रक्तदान

**नवभारत,गाडरवारा।** 16 साल से रक्तदान की जागरूकता में कार्य करने वाले समाजसेवी संगठन साईं श्रद्धा सेवा समिति ने अपनी वर्षगांठ समाज को समर्पित करते हुए मनाई। जिसमें रक्तदान शिविर, पौधारोपण एवं शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण का आयोजन साईं बाबा के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर मुख्यातिथि समिति संरक्षक कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, सिविल अस्पताल अधीक्षक डॉ उपेंद्र



वस्त्रकार, संस्थापक आशीष राय, अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, सचिव बबलू कहार,पूर्व प्राचार्य राजेश बरसैंया की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मात्र कुछ मिनिटो के रक्तदान की प्रक्रिया से हम किसी जरूरतमंद के लिय वह जीवन का दान कर देते है जिसकी कल्पना शायद हमे महसूस ही नहीं होती पर वास्तव में रक्तदान से बढ़ाकर और कोई दान नहीं होता। कई महामारी ने हमारी जीवन शैली के साथ हमारे विचारों को भी बदल डाला। रक्त के अभाव में कई परिवारों ने अपने सदस्यों को खोया है और जिसने कुछ नहीं खोया उसने जरूरतमंदों के लिय रक्तदान न करके अपनी मानवता खोई है। दो दशक पूर्व रक्तदान की भ्रांतियों जैसी विषम परिस्तिथि में भी कुछ संवेदनशील संस्थाएं उभर कर आई है।

# सेवानिवृत्त हुए चार वरिष्ठ शिक्षकों को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शिक्षा विभाग के चार वरिष्ठ शिक्षकों श्रीभगवान उपाध्याय भरत पटैल रमेश प्रसाद लोधी एवं उदय राम लोधी के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय कार्यक्रम के तहत विदाई अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि मप्र शासन के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने चारों सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल श्रीफल स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। एक शिक्षक का योगदान केवल विद्यालय तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह समाज और देश के भविष्य का निर्माण करता है। श्रीभगवान उपाध्याय भरत पटैल



रमेश प्रसाद लोधी एवं उदयराम लोधी ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी निष्ठा और समर्पण के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर शिक्षा जगत में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनके द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा का लाभ समाज को आने वाले वर्षों तक मिलता रहेगा। इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं साथी शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए।

**हड़ताल** | पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध प्रदर्शन

# पटवारी आज से कलम बंद हड़ताल पर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के बैनर तले प्रदेश के लगभग 20 हजार पटवारी आज से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल पर जा रहें हैं। एक लंबे अरसे बाद पदोन्नति काल चल रहा है जिसमें मध्य प्रदेश शासन अंतर्गत भृत्य से लेकर बड़े अधिकारियों तक यथायोग्य पदोन्नति प्रदान की जा रही है किंतु पटवारी संवर्ग इस पदोन्नति काल से अछूता है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में पटवारी संघ पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध हड़ताल पर है। 8 जुलाई को मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम प्रदेश भर में जिला



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे गए एवं अपनी पांच सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया। इस क्रम में प्रथम चरण में पटवारी संवर्ग 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर रहा। इसके पश्चात कार्य पर वापस आए किंतु शासन प्रशासन की उदासीनता के पश्चात हड़ताल के अन्य चरणों में जाने को पटवारी संवर्ग विवश हो गया। 20 जुलाई से 23 जुलाई तक समस्त पटवारी द्वारा काली पट्टी बांधकर कार्य किया गया एवं अपनी मांगों के संबंध में ध्यान आकर्षित किया ।

### समस्त शासकीय ग्रुपों को छोड़ दिया गया

24 जुलाई से 27 जुलाई तक समस्त शासकीय ग्रुपों को छोड़ दिया गया एवं 28 जुलाई से सभी ऑनलाइन कार्य बंद कर दिया गए। अब मध्य प्रदेश पटवारी संघ अपनी हड़ताल के अंतिम चरण एवं किसी भी आंदोलन के अंतिम विकल्प अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की ओर अग्रसर है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ की जो पांच सूत्रीय मांगें हैं उनमें कैडर रिव्यू लागू किया जाए । सभी विभागों एवं संवर्गों की भांति पटवारी संवर्ग को भी पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

# हाईवा से कुचलकर हत्या मामले में मुख्य आरोपी का सहयोगी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** 19 जुलाई 2026 को इंद्रानगर ह॥ पर हाईवा से 5 लोगों की मौत और 1 घायल की घटना को पुलिस ने सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि साजिशन हत्या पाया। इस मामले में मुख्य आरोपी के सहयोगी प्रीतम बर्मन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पर्दाफाश किया।

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी आनंद पटेल का सहयोगी प्रीतम पिता पुन्नू बर्मन, 35 वर्ष निवासी बेलखेड़ा दूसरे हाईवा लेकर सड़क के दूसरी तरफ मृतक और उसके साथियों का इंतजार कर रहा था, ताकि जरूरत पड़ने पर टक्कर मारी जा सके। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को चिन्हित कर मामला पंजीबद किया गया है ।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी प्रीतम बर्मन को धारा 105, 103, 109, 249(क), 61(2)(क), 238(क) BNS के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।


### नाम सुधार सूचना

ग्राम सहजपुरा निवासी श्री गणेश मेहरा ने अपनी पुत्री के नाम में दर्ज त्रुटि के सुधार के लिए नोटरी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।शपथ पत्र के अनुसार आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में उनकी पुत्री का नाम त्रुटिवश ₹झुनझुन मेहरा₹ दर्ज हो गया था, जबकि उसका सही नाम ₹पूनम मेहरा₹ है। नाम सुधार के लिए विधिवत शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया गया है कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

उक्त शपथ पत्र का सत्यापन 31 जुलाई 2026 को नोटरी अधिवक्ता के समक्ष विधिवत किया गया।

जारीकर्ता :
गणेश मेहरा,
ग्राम सहजपुरा, तहसील गोटेगांव,
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)